आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
शनिवार 21.06.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– विश्व के विभिन्न हिस्सों में बढ़ते तनाव, अशांति और अस्थिरता के बीच योग शांति का मार्ग दिखाता है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में योग नीति का किया औपचारिक शुभारंभ। भराड़ीसैंण से दिया "हर घर योग, हर जन निरोग'' का संदेश।
- पहाड़ से लेकर मैदान तक उत्तराखंड हुआ योगमय। चारों धामों में  लोगों ने योगाभ्यास किया।
- प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी, तारीखों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू।

**योग प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विश्व के विभिन्न भागों में तनाव, अशांति और अस्थिरता की स्थिति है, ऐसे में योग शांति का मार्ग दिखाता है। आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व करते हुए प्रधानमंत्री ने विश्व समुदाय से योग दिवस को मानवता के लिए योग टू प्वाइंट ओ की शुरूआत के रूप में मनाने का विशेष आह्वान किया, जहां आंतरिक शांति, वैश्विक नीति बने। उन्होंने कहा कि योग अब व्यक्तिगत अभ्यास न रहकर वैश्विक भागीदारी के माध्यम के रूप में उभरा है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष योग दिवस का विषय–एक पृथ्वी एक स्वास्थ के लिए योग स्मरण कराता है कि किस प्रकार वर्तमान और भावी पीढ़ियों का सुखद भविष्य सुनिश्चित करने के लिए पूरा विश्व एकजुट है। विशाखापत्तनम में मुख्य योग दिवस कार्यक्रम में दो लाख 72 हजार लोगों ने भागीदारी की।

**योग दिवस राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज देहरादून स्थित पुलिस लाइन में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ किया। इस अवसर पर योग शिविर को संबोधित करते हुए उन्होंने योग को भारत की चेतना और विरासत का केंद्र कहा और इसे भारत की सॉफ्ट पावर का भी सशक्त उदाहरण बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की पहल पर वैश्विक स्तर पर योग के प्रति सम्मान बढ़ा है और आज विश्वभर में लोग योग को अपनाकर इससे लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली का मूल आधार है।
इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा कि उत्तराखण्ड जैसी आध्यात्मिक और प्राकृतिक भूमि पर योग का अभ्यास विशेष महत्व रखता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान दें।

**योग मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज चमोली जिले में गैरसैंण के भराड़ीसैंण विधानसभा परिसर में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान योग गुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण और आठ देशों के प्रतिनिधियों के साथ योग किया। इस अवसर पर श्री धामी ने योग नीति पर आधारित पुस्तिका का विमोचन करते हुए राज्य में योग नीति का औपचारिक शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से राज्य सरकार ने देश की पहली योग नीति– 2025 को राज्य में लागू किया है। उन्होंने कहा कि योग नीति उत्तराखंड को योग और वेलनेस की वैश्विक राजधानी के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से तैयार की गई है।
श्री धामी ने कहा कि आठ मित्र राष्ट्रों के प्रतिनिधियों के साथ किया गया सामूहिक योगा अभ्यास, उत्तराखंड को योग और अध्यात्म की वैश्विक राजधानी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की, कि राज्य सरकार शीघ्र ही प्रदेश के गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों में एक–एक अध्यात्मिक आर्थिक क्षेत्र की स्थापना करेगी।
मुख्यमंत्री ने "एक वृक्ष, योग के नाम" कार्यक्रम के तहत विधानसभा परिसर में सेब का पौधा भी लगाया।

## योग दिवस प्रदेश 1

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज पहाड़ से लेकर मैदान तक उत्तराखंड योगमय हो गया। योग दिवस के उत्साह का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि चारों धामों– गंगोत्री, यमुनोत्री, बदीरनाथ और केदारनाथ में भी लोगों ने योगाभ्यास किया। अल्मोड़ा जिले के विभिन्न स्थानों पर आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास किया और योग को अपने नियमित दिन चर्या में शामिल करने का संकल्प लिया। प्रसिद्ध सूर्य मंदिर कटारमल में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और जागेश्वर धाम में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने भी सामूहिक रूप से योगाभ्यास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। पिथौरागढ़ के देव सिंह मैदान में आयोजित योग कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, पुलिस कर्मी, अर्द्धसैनिक बलों, स्कूली बच्चों और सामाजिक संगठनों के साथ ही बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने योगाभ्यास किया। चम्पावत जिले के टनकपुर, चम्पावत, लोहाघाट, बाराकोट और पाटी सहित अन्य स्थानों पर वृहद योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला मुख्यालय के गौरलचौड़ मैदान में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी, पुलिस, एसएसबी और आईटीबीपी के जवानों ने भाग लिया।

पौड़ी गढ़वाल में शहीद जसवंत सिंह रावत स्टेडियम, रांसी मैदान में आयोजित योग अभ्यास कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग किया।
देहरादून स्थित राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्थान के छात्र–छात्राओं, प्रशिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वहीं, प्रदेश के अन्य जिलों में भी योग शिविरों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग को जीवन का अभिन्न हिस्सा बताते हुए इसे दैनिक जीवन में सम्मिलित करने पर बल दिया गया।

## पंचायत चुनाव अधिसूचना

प्रदेश में हरिद्वार जिले को छोड़कर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आधिकारिक अधिसूचना आज जारी कर दी गई है। इसके साथ ही राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है, जो परिणामों की घोषणा तक प्रभावी रहेगी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 25 जून से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी और 19 जुलाई को सभी ग्राम पंचायतों के परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। इस बार चुनाव दो चरणों में पूरे किए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने आज देहरादून में पत्रकारों से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने बताया कि इस बार मतदान के लिए दो चरण तय किए गए हैं। पहले चरण में 25 से 28 जून तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। 29 जून से 01 जुलाई तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, 02 जुलाई को नाम वापसी, 03 को चुनाव प्रतीक चिन्हों का आवंटन, 10 को मतदान और 19 जुलाई को मतगणना व परिणामों की घोषणा की जाएगी। दूसरे चरण में 25 से 28 जून तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। 29 जून से 01 जुलाई तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, 02 जुलाई को नाम वापसी, 08 को चुनाव प्रतीक चिन्हों का आवंटन, 15 को मतदान और 19 जुलाई को मतगणना व परिणामों की घोषणा की जाएगी।

**<u>मौसम</u>**

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में हल्की से भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों के कुछ स्थानों पर, जबकि शेष जिलों के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की से भारी वर्षा होने की संभावना है। विभाग की चेतावनी के अनुसार नैनीताल, टिहरी और देहरादून जिलों में कहीं कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है। वहीं, राज्य के सभी जिलों में कहीं–कहीं गरज के साथ आकाशीय बिजली चमकने और वर्षा का तीव्र से अति तीव्र दौर चलने का भी अनुमान जताया गया है।